कार्यालय जनपद न्यायाधीश, सीतापुर।

(प्रशासनिक अनुभाग)

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त परिपत्र संख्या-14/ एडमिन 'डी' सैक्शन दिनांकित 15.10.2022 के द्वारा पूर्व में निर्गत परिपत्र संख्या-41/ एडमिन (डी) सैक्शन दिनांकित 14.04.1980 के अनुक्रम में न्यायिक अधिष्ठान सीतापुर से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, अधोलिखित तालिकानुसार रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिये (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जाये) तक की जायेगी।

उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा। अन्य भत्ते उत्तर प्रदेश शासन के यथासंशोधित आदेशों के अधीन प्रदान किये जायेंगे।

पुनर्नियुक्ति 65 वर्ष की अवस्था प्राप्त करने अथवा धारित पद माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार भरे जाने, जो भी पहले हो तक ही मान्य रहेगी।

आवेदक अपना आवेदन, आयु प्रमाण पत्र व स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के साथ दिनांक-16.11.2026 की सायं 04.00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

जनपद न्यायालय सीतापुर में पुनर्नियुक्ति हेतु रिक्त पदों के सापेक्ष पुनर्नियुक्त किये जाने की विवरणी:-

क्रम संख्या	**पदनाम**	**पुनर्नियुक्त/ रिक्त पद**	**मानदेय**
1	आशुलिपिक	04	Principal of last pay drawn minus amount of pension
2	वरिष्ठ सहायक/ प्रधान सहायक	10	
3	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	10	

उपरोक्तानुसार रिटायर्ड सिविल कर्मियों से योग्यतानुसार आवेदन निर्धारित दिनांक तथा निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये जाते हैं पुनर्नियुक्त किये जाने वाले पदों की संख्या घट या बढ सकती है।

विज्ञप्ति सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो। कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, सीतापुर को आदेशित किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय, सीतापुर की वेबसाईट एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हो।

दिनांक-05.11.2026

अध्यक्ष पुनर्नियुक्ति समिति /
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट संख्या-02, सीतापुर

आवेदन प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम — आवेदन कर्ता का नवीनतम
2. नाम — पासपोर्ट साइज स्व्प्रमाणित फोटो
3. पिता का नाम
4. निवास का स्थायी पता
5. मोबाइल नं०
6. ई-मेल
7. शैक्षिक योग्यता

क्रम संख्या	परीक्षा का नाम	वर्ष	विषय	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत

8. अंतिम धारित पद का नाम (जिस पद से सेवानिवृत्त हुए हैं)
9. सेवानिवृत्त की तिथि-
10. अंतिम धारित पद पर आहरित अंतिम वेतन-

    (अंतिम वेतन प्रमाण पत्र और अंतिम पंशन प्रमाण पत्र संलग्न करे)

11. पिछले पांच साल के ए०सी०आर० की सेल्फ अटैस्ट फोटोकापी-

    (केवल उन कर्मचारियों के लिए जो सीतापुर के अलावा अन्य जिला न्यायालय से हैं)

12. जनपद न्यायालय का नाम व पूरा पता जहाँ से सेवानिवृत्त हुए हैं

घोषणा

एतद्वारा मैं पुत्र/ पुत्री- निवासी/ निवासिनी- प्रमाणित करता हूँ कि आवेदन में अंकित विवरण मेरे निजी ज्ञान में सही हैं मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नही गया है। मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूँ तथा कार्य करने में सक्षम हूँ। मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक मुकदमा लम्बित एवं पंजीकृत नही है। यदि भविष्य में मेरे द्वारा भरी गयी सूचनायें असत्य पायी जाती हैं तो उस स्थिति में

मेरा आवेदन/ नियुक्ति को बिना किसी सूचना / नोटिस के निरस्त करते हुए नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होगी।

स्थान-
दिनांक

आवेदक के पूर्ण एवं पठनीय हस्ताक्षर